ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

हिंदी ऑनलाइन कक्षा में आप सभी का स्वागत है|

कक्षा -६

हिन्दी (LOWER)

पाठ -3

काम सब अच्छे हैं

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: **1800 120 2316**
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

3 काम सब अच्छे हैं

चिंतन-मनन

आचार्य विनोबा भावे महात्मा गांधी के अग्रणी शिष्यों में से एक थे। वे गांधी जी के सत्य, अहिंसा और समय पालन के विचारों से बहुत अधिक प्रभावित थे। उन्होंने गांधी जी के साथ कई आंदोलनों में भाग लिया। वे बच्चों को पढ़ने-लिखने तथा आस-पास स्वच्छता रखने के लिए जागरूक करते थे।

विनोबा जी हमारे देश के एक महापुरुष थे। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी थे। वे गरीबों के सहायक थे। उनका भूदान-यज्ञ बहुत प्रसिद्ध है। वे ज़मींदारों से भूमि दान में लेकर भूमिहीन किसानों को देते थे।

विनोबा जी एक बार भूदान-यज्ञ के सिलसिले में यात्रा पर थे। यात्रा में वे एक गाँव पहुँचे। वहाँ की पाठशाला में वे ठहरे। उस पाठशाला में शौचालय नहीं था। बच्चे पाठशाला के आस-पास ही गंदगी करते थे इसलिए पाठशाला के आस-पास गंदगी भरी थी।

विद्यालय के पास गंदगी देखकर विनोबा जी को दुख हुआ। उन्होंने छात्रों से पूछा, ''तुम्हारी पाठशाला की सफ़ाई कौन करता है?'' लड़के बोले, ''एक आदमी सवेरे आता है और झाड़ू लगाकर चला जाता है।''

शब्दार्थ-

अनुयायी-अनुसरण करने वाला
भूदान- भूमि का दान
सिलसिले-क्रम
प्रसिद्ध- मशहूर, ख्याति

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

अर्थबोध-

विनोबा भावे एक महापुरुष थे । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अनुयायी थे । भुलाने आंदोलन के मुख्य पुरोधा थे (शुरू किया था) ।भुदान आंदोलन के दौरान उन्हें बहुत जगहों पर जाना पड़ता था । एक बार उस आंदोलन के काम से रुकना पड़ा। गांव के पाठशाला में ठहरे और वहां शौचालय न था साथ ही वहां के आस पास के वातावरण भी साफ न था। विद्यालय के पास गंदगी देख विनोबा भावे को बहुत दुख ... उन्हें ...

संबंधित प्रश्न-

१. विनोबा भावे हमारे देश के क्या थे?
२. विनोबा भावे किसके अनुयायी थे?
३. उनका कौन सा यज्ञ प्रसिद्ध है?
४.भूदान आंदोलन क्या है?
५. विनोबा जी किस सिलसिले में यात्रा कर रहे थे?
६. यात्रा के दौरान वे कहां रुके?
७. पाठशाला में क्या देख कर उन्हें दुख हुआ?
८. विनोबा जी छात्रों से क्या पूछे?
९. लड़को ने विनोबा जी के प्रश्न का क्या उत्तर दिया?
१०. सिलसिले का अर्थ क्या है?

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow